Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide adequate compensation to farmers of Rajasthan for their land being acquired for Bharat Mala Project-laid.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): मैं भारतमाला परियोजना में राजस्थान के किसानों की अधिग्रहित ज़मीन के एवज मे दिए जाने वाले अत्यंत कम मुआवजे के कारण आंदोलित किसानों की माँग की तरफ सड़क,परिवहन एवम् राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए यह बताना चाहता हूँ कि पंजाब से राजस्थान होते हुए गुजरात जाने वाली भारतमाला परियोजना मे लंबे समय से राजस्थान के किसान आंदोलित है क्योंकि जिस ज़मीन की कीमत 10 लाख रुपये बीघा है उसे मात्र 45 हज़ार रूपये बीघा की दर से अधिग्रहित किया जा रहा है और इसमे किसानो के खेतो के साथ कचेपक्के निर्माण भी है । राजस्थान में अधिग्रहित की जाने वाली ज़मीन की दर गुजरात व पंजाब की तुलना में काफ़ी कम है जिसमे गंगानगर,हनुमानगढ़,बीकानेर,जोधपुर व बाड़मेर तथा जालोर जिले के किसान प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होंगे । ऐसे में केंद्र सरकार को तत्काल किसानो की माँग के अनुसार मुआवजा दिलवाने हेतु कार्यवाही करने की ज़रूरत है ।